हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 अप्रैल 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश में गेमिंग और ई-स्पोर्टस उद्योग को सहायता प्रदान करने एवं बढ़ावा देने में मदद करने के रास्ते तलाश करेगी।
- निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सक्षम ऐप सहित कई महत्वपूर्ण उपाय किए।
- पैरा एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता प्रमोद कुमार को सिरसा का चुनाव आइकॉन बनाया गया।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न गुरूद्वारों में दीवान सजाये गए और गुरू के अटूट लंगर बरताये गए।

………………………………………………………………………………………

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गेमिंग उद्योग से जुडे छह शीर्ष लोगों के साथ इस उद्योग की नई गतिविधियों के बारे में विचार-विमर्श किया है। श्री मोदी ने बातचीत के दौरान कहा कि वर्तमान सरकार ने गेमर्स की सृजनात्मकता को पहचान दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर गेमर्स के साथ अपनी बातचीत का वीडियों भी साझा किया है। श्री मोदी ने कहा कि लोगों को इस क्षेत्र में आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार देश में गेमिंग और ई-स्पोट्र्स उद्योग को सहायता प्रदान करने और उसे बढ़ावा देने में मदद करने के रास्ते तलाशेगी।

प्रधानमंत्री ने भारतीय पौराणिक कथाओं और जलवायु परिवर्तन पर आधारित गेम शुरू करने की सलाह दी। उन्होंने गेमिंग और गैम्बलिंग के बीच के अंतर पर भी चर्चा की।

………………………………………………………………………………………

निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए हैं। इसमें आयोग द्वारा उनके लिए मतदान को सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया ‘ऐप सक्षम भी शामिल है।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सक्षम एप का इंटरफेस दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए उनके अनुकूल बनाया गया है।

सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम देखने के अलावा मतदान केंद्र का स्थान देख सकते हैं तथा केंद्र तक  आवागमन के लिए व्हीलचेयर हेतु अनुरोध कर सकता है। वह एंप के माध्यम से नये मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है और मतदाता पत्र में सुधार, उसे आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार

की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकते है। यहां तक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।
प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा चुनावों से संबंधित ज्ञानवर्धन के लिए काफी लेख भी सक्षम एप पर उपलब्ध हैं।

..........................................................................................

सिरसा के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव में जिला में मतदान के लिए युवाओं को प्रेरित एवं जागरुक करने के लिए पैरा एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता प्रमोद कुमार को चुनाव आइकॉन बनाया गया है।
स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने कहा कि पैरा एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता प्रमोद कुमार स्वयं भी एक युवा हैं। ऐसे में जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान व सोशल मीडिया पर युवाओं के लिए उनका संदेश मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगा।
उन्होंने सभी सिरसा वासियों से अपील की है कि वे आगामी 25 मई के दिन अपने घरों से निकलकर मतदान अवश्य करें।

..........................................................................................

भारतीय जनता पार्टी ने आज अंबाला के नारायणगढ़ में विजय संकल्प रैली का आयोजन किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने गृह क्षेत्र में जन समूह से अंबाला से लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया को वोट देने की अपील की। विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

उधर, भिवानी में जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने एक पत्रकारवार्ता में कहा कि गांव कुंगड़ में अजय सिंह चौटाला का विरोध करने वाले लोग किसान नहीं बल्कि कांग्रेस के समर्थक एवं पदाधिकारी है, जिनके सोशल मीडिया पर कांग्रेस के बड़े बड़े नेताओं के साथ फोटो देखे जा सकते है।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद से प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने विधायक नयनपाल रावत के साथ पृथला के गांव जुन्हेडा में लोगों को संबोधित किया और विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील की।

..........................................................................................

महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे के बाद हरियाणा के सभी जिलों में नियमों की अवहेलना करने वाली स्कूली बसों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।
अंबाला जिले में सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा 6 स्कूल बसों को जब्त किया गया है। उपायुक्त डा. शालीन ने हुए कहा कि आगे

भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि जिले का कोई भी स्कूल सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के मापदंडो को पूरा करने में अनियमिता बरतते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

इस मौके पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि उपायुक्त डा0 शालीन के दिशा-निर्देशानुसार सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत कईं स्कूल वाहनों की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों के वाहनों में अनियमित्ता पाई गई है उन वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

रोहतक में भी आज 100 से अधिक की जांच की गई और मानदंड पूरे न होने पर 39 बसों का चालान करके 37 बसों को कब्जे में ले लिया गया।

सिरसा जिले में भी यातायात नियमों एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति की अवहेलना करने पर 127 स्कूल बसों के चालान किए गए। इसी तरह, भिवानी में जांच के दौरान 8 स्कूल बसों के कागज़ात अधूरे मिले और इन बसों को जब्त कर लिया गया।

भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले की 118 स्कूल बसों में कमियां पाई गई हैं। परसों सोमवार को सभी स्कूली बसों के कागज़ात की जांच कर नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूलों के क्षिलाफ कार्रवाई की जोयगी।

..........................................................................................................

हरियाणा और चंडीगढ़ में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बैसाखी पर ही खालसा पंथ की स्थापना की गई थी।

हरियाणा में पानीपत के विभिन्न गुरूद्वारों में बैसाखी के उपलक्ष्य में कई धार्मिक अनुष्ठान किये गए जिनमें लोग पूरी श्रद्धा उवं उल्लास से शामिल हुए।

मुख्य मार्ग स्थित डेरा बाबा जोध सचियार में विशान समारोह का आयोजन किया गया। गुरूद्वारे को विशेष तौर पर सजाया गया। गुरूबाणी के प्रवाह के बाद अखंड पाठ का भोग डाला गया। इस दौरान गुरू का अटूट लंगर भी बरताया गया। गुरूद्वारे में गुरमत समागम परसों तक चलेंगे जिस दौरान प्रसिद्ध रागी व कथावाचक सत्संग द्वारा संगतों को निहाल करेंगे।

अंबाला जिले में भी आज बैसाखी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। अंबाला के विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों में सुबह संगतों ने माथा टेका। आज अंबाला शहर के गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब, गुरुद्वारा मंजी साहिब और गुरुद्वारा बादशाही बाग में दीवान सजाए गए और गुरु के लंगर अटूट बरताए गए।

गुरुद्वारा मंजी साहिब में मुख्य चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई।

फरीदाबाद में आज बैसाखी के अवसर पर सेंट्रल ग्रीन स्थित गुरूद्वारा श्री अरबार साहिब में रोटरी क्लब और फाउंडेशन एगेंस्ट थैलेसेमिया के सहयोगसे रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रि किया गया।

.......................................................................................

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के प्रशासक  बनवारी लाल पुरोहित ने अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. बी. आर. अम्बेडकर दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे जिनके अथक प्रयासों ने सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान का मसौदा तैयार करने में उनका योगदान अद्वितीय है।

.......................................................................................

पलवल की जाट धर्मशाला में आज अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जाट समाज के लोगों ने जाट महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान सिंह चौहान ने की।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कहा कि देश के इतिहास में जाट समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है चाहे वो देश की आजादी की बात हो या फिर मुगल शासन की बात हो हमेशा जाट योद्धाओं ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

समाज के युवाओं को अपनी कौम के महापुरुषों का अनुसरण करने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि  13 अप्रैल का दिन जाट समाज देश व समाज में भाईचारा बढ़ाने व कौमी एकता के रूप में मनाता है।

.......................................................................................

कैथल में आज जींद मार्ग स्थित एक खल व बिनौला मिल में आग लग गई।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि मिल में बिजली की 5 मशीनें, अन्य उपकरण, बिनौला व बारदाना के आग की लपेट में आने से लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मिल मालिक संजीव कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर सबसे पहले मिल में काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की दो गाडियों ने मौके पर पहुंचकर करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया।

.......................................................................................

कैथल में आज प्यौदा मार्ग पर एक घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से एक 10 वर्ष की मासूम बच्ची की मौत हो गई।

हादसा तब हुआ जब 10 साल की मासूम बच्ची घर की छत पर खेल रही थी। हादसे के वक्त ऐसा धमाका हुआ कि लोग घरों से बाहर निकल आए। मकान के पास लगे मिस्त्रियों व लडक़ी के

परिजनों ने बताया कि घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों ने छत पर खेल रही 10 वर्षीय नीतू को अपनी और खींच लिया और उसके शरीर को राख कर दिया।

.............................................................................................